श्री दामोदर रावत, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/250 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री जल संसाधन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि –	
1. क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के अनुसूचित जाति आबादी वाले डाकिया, सलौन, छपरघुटटु, बेला, खिरिया, बदरौड, महुआटाड़ रंगीनिया, बलजारा आदि गावों के सैकड़ों एकड़ खेतों में पटवन (पानी) की सुविधा नहीं रहने के कारण किसानों को सही मात्रा में उपज नहीं हो पाता है।	वस्तुस्थिति यह है कि :- • जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के अधीन डाकिया, सलौन, छपरघुटटु, बेला, खिरिया, बदरौड, महुआटाड़ रंगीनिया, बलजारा इत्यादि गाँव आंजन जलाशय (कुकुरझप जलाशय) से निःसृत बायाँ मुख्य नहर से लगभग एक कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है। • प्रश्नगत् क्षेत्र नहर तल से ऊँचा है, अतः इस क्षेत्र में नहर द्वारा जलश्राव पहुँचाना तकनीकी रूप से संभव नहीं है। • प्रश्नगत ग्रामों में लघु जल संसाधन विभाग एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (मनरेगा) द्वारा आहर, पोखर एवं पईनों के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के समीप से ही जमुई जिलान्तर्गत कुकुरझप जलाशय का मुख्य केनाल गुजरता है ?	
3. यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुकुरझप जलाशय के मुख्य केनाल के 41 नम्बर चेन से नहर बनाकर/ पाईप लाईन बिछाकर उक्त ग्रामों के किसानों के खेतों तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?	

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–04–01/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/250 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–04–01/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–04–01/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–04–01/2026 1240 पटना/दिनांक : 27/01/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/1/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव